समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | **Sunday, 30 August 2026**

# पुणे फोर्ट हत्याकांड : बेटे के लिए इंसाफ की गुहार, केतन अग्रवाल की मां ने PM मोदी को लिखा भावुक पत्र

Sanket Morankar | Published on 14 Jul 2026



पुणे के चर्चित **लोहागढ़ किला हत्याकांड** में मारे गए 26 वर्षीय कारोबारी **केतन अग्रवाल** की मां **राखी अग्रवाल** ने प्रधानमंत्री **नरेंद्र मोदी** को भावुक पत्र लिखकर अपने बेटे के लिए जल्द न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने अपील की है कि उनके बेटे का मामला सिर्फ एक और केस फाइल बनकर न रह जाए और दोषियों को बिना किसी अनावश्यक देरी के कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

राखी अग्रवाल ने अपने पत्र में लिखा कि हर मां की तरह उन्होंने भी अपने बेटे को सफल जीवन जीते, शादी करते और परिवार बसाते देखने का सपना देखा था, लेकिन किस्मत ने उनसे उनका बेटा छीन लिया। उन्होंने कहा कि अपने ही बेटे का अंतिम संस्कार करना किसी भी मां के लिए सबसे बड़ा दुख होता है।

“केतन सिर्फ मेरा बेटा नहीं, मेरी पूरी दुनिया था”

पत्र में उन्होंने लिखा कि केतन की मौत के बाद घर का हर कोना उन्हें उसकी याद दिलाता है। उसका कमरा, कपड़े, तस्वीरें और घर में पसरा सन्नाटा हर दिन इस बात का एहसास कराता है कि वह अब कभी वापस नहीं आएगा।

उन्होंने कहा कि उनका परिवार एक महीने के भीतर दो बड़े सदमे झेल चुका है। केतन की मौत के कुछ ही दिनों बाद उनके दादा **देवीचंद अग्रवाल** का भी हृदयाघात से निधन हो गया। परिवार का कहना है कि वे अपने पोते की मौत का गम सहन नहीं कर सके।

जल्द न्याय और कड़ी सजा की मांग

राखी अग्रवाल ने प्रधानमंत्री से अपील करते हुए कहा कि उन्हें किसी विशेष सहानुभूति या सुविधा की आवश्यकता नहीं है, बल्कि केवल निष्पक्ष और शीघ्र न्याय चाहिए। उन्होंने लिखा कि न्याय में हर दिन की देरी उनके परिवार के दर्द को और गहरा कर रही है।

उन्होंने पत्र में कहा,

**“कृपया केतन को सिर्फ एक केस फाइल बनकर मत रहने दीजिए। वह किसी का बेटा, पोता और भाई था, लेकिन मेरे लिए वह मेरी पूरी दुनिया था।”**

उन्होंने यह भी कहा कि वह एक दिन अपने बेटे की तस्वीर के सामने खड़ी होकर यह कह सकें कि “**तुझे इंसाफ मिल गया।**”

राष्ट्रपति से भी लगाई गई न्याय की गुहार

इससे पहले केतन के पिता **विशाल अग्रवाल** भी राष्ट्रपति **द्रौपदी मुर्मू** को पत्र लिखकर मामले की त्वरित जांच, फास्ट ट्रैक सुनवाई और दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग कर चुके हैं। उन्होंने कहा था कि परिवार हर दिन एक ही सवाल के साथ जी रहा है कि आखिर केतन को न्याय कब मिलेगा।

क्या है पूरा मामला?

पुलिस के अनुसार, 18 जून 2026 को पुणे के **लोहागढ़ किले** पर केतन अग्रवाल की कथित तौर पर उनकी मंगेतर **सिया गोयल** और उसके कथित प्रेमी **चेतन चौधरी** ने हत्या कर दी। आरोप है कि केतन को पहाड़ी से धक्का देकर मार दिया गया।

जांच में यह भी सामने आया कि सिया और केतन की इसी वर्ष फरवरी में सगाई हुई थी और नवंबर में उनकी शादी होने वाली थी। हालांकि, जांच एजेंसियों के अनुसार सिया ने कथित रूप से चेतन चौधरी से गुपचुप शादी भी कर ली थी। मामले की जांच जारी है और पुलिस सभी पहलुओं की पड़ताल कर रही है।

फिलहाल, यह मामला पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। पीड़ित परिवार को अब न्यायपालिका और जांच एजेंसियों से शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.